## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–08.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति की आज हुई पहली बैठक, हितधारकों से विचार विमर्श के बाद सौंपी जाएगी रिपोर्ट।**
- **28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों से राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया संवाद, देश और राज्य का नाम रोशन करने की दी प्रेरणा।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को उनकी शहादत दिवस पर किया नमन।**
- **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एमआरएमसीएच में पुलिस आउट पोस्ट का किया उद्घाटन, मौके पर आउटसोर्सिंग कंपनी के समझौता अपराध के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश।**
- **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ, कहा–युवाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए की गई ये पहल।**

*******************

एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज नई दिल्ली में हुई। विधेयकों को आधिकारिक तौर पर 129वां संविधान संशोधन विधेयक–2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून–संशोधन विधेयक–2024 नाम दिया गया है। संवाददाताओं से बातचीत में समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद पी पी चौधरी ने कहा कि समिति सभी हितधारकों के विचार जानने के बाद आगे बढ़ने का फैसला करेगी। बैठक के दौरान विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के प्रतिनिधियों ने सदस्यों को प्रस्तावित कानूनो के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। 39 सदस्यीय समिति में 27 सदस्य लोकसभा से और 12 राज्यसभा से हैं। यह समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए राज्य के चयनित प्रतिभागियों से संवाद किया। राजभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उन्हें देश और राज्य का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर युवा प्रतिभागियों ने विभिन्न सामाजिक और कृषि संबंधित विषयों पर पीपीटी के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। गौरतलब है कि 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 10 जनवरी से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्दांजलि अर्पित की। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड के वीर सपूतों को हमेशा नमन किया जायेगा। साथ ही उन्होंने रामगढ़ के गोला में हुई दुर्घटना में मृत तीन बच्चों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल बच्चों के लिए चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने की बात कही। इधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी झारखंड के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

********************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, मुख्यम कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पॉलीवाल गौड उपस्थित थी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में परिवहन विभाग और जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान अलग–अलग गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

********************

संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम, घायलों के इलाज और सुरक्षा मामलों में तत्काल पुलिस कार्रवाई की सुविधा के लिए पुलिस आउट पोस्ट का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि पुलिस आउट पोस्ट के शुरू होने से डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी एक सुरक्षित माहौल में काम कर सकेंगे। मौके पर मंत्री ने एग्रीमेंट के विपरीत कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ कार्रवाई

करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने सरकारी राशि का गबन किया है जो कि समझौता अपराध है, जिसे राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है।

********************

राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में आज विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की कृषि योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना विभाग की प्राथमिकता है।

********************

दुमका जिले में आज श्रम नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मंत्री ने कहा कि राज्य से पलायन रोकना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए युवाओं को झारखंड में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने नए उद्योगों की स्थापना के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने की बात कही। साथ ही राज्य से बाहर जा रहे मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए।

********************

हजारीबाग जिले में साइबर थाना और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने साइबर जागरूकता सह कार्यशाला का आयोजन किया। सीएम उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में एटीएम, आंगनवाड़ी, पीएम आवास जैसी योजनाओं के नाम पर होने वाले फ्रॉड फोन के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर एडिशनल एसपी अमित कुमार ने कहा कि गोपनीय नंबर और ओटीपी को कभी साझा न करें और धोखाधड़ी की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1930 पर सूचना दें।

********************

झारखंड में अभी ठण्ड से निजात मिलने के आसार नहीं है। अगले 24 घंटे में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। मौसम केंद्र रांची ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ तैयार होने के कारण झारखंड में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। वहीँ राजधानी रांची समेत गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ जिले में अगले चार दिनों तक सुबह में कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान है।

********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा जिले में आज सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया, जो 17 जनवरी तक चलेगा। मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भी शामिल हुए। पहले दिन महिला कबड्डी और फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस खेल महोत्सव में बैडमिंटन, गतका, रायफल शूटिंग और जुडो जैसी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य के खिलाड़ियों में छुपी प्रतिभा को उजागर करने की आवश्यकता बताई।

********समाप्त************